**दिनांक : 17.11.2025** **समय : 02.10पीएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**दोपहर समाचार**

**एशियन सीड कॉन्ग्रेस**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मुंबई में एशियन सीड कॉन्ग्रेस 2025 को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत को कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए अनुसंधान और विकास पर अधिक निवेश की जरूरत है। श्री चौहान ने कृषि में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग पर अपनी चिंता व्यक्त की ...

उन्होंने बताया कि सरकार ने बीजों की ट्रेसबिलिटी के लिए 'साथी' पोर्टल तैयार किया है और कंपनियों से इस पर 100 प्रतिशत ऑनबोर्डिंग करने की अपील की। मंत्री चौहान ने कहा कि सीड कांग्रेस का उद्देश्य एशियाई देशों के बीच बीज गुणवत्ता और तकनीकी सहयोग को मजबूत करना है, जिससे कृषि का क्षेत्र अधिक सक्षम बन सके ।

**स्वास्थ्य शिविर**

धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती के समापन कार्यक्रम के अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में सिकल सेल एनीमिया की कुल 6 हजार 100 जांचें की गई।

वहीं राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जबलपुर में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 125 दिवसीय सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरुकता अभियान में बेहतर कार्य करने वाले शीर्ष 03 जिलों और 02 जनजातीय बाहुल्य विकासखण्डों को सम्मानित किया गया।

**मंत्री दौरा**

केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह आज अपने मध्य प्रदेश प्रवास के तीसरे दिन जबलपुर के भ्रमण पर रहेंगे। वे यहां तिलवाराघाट स्थित ग्रीन बैम्बू नर्सरी का भ्रमण करेंगे, साथ ही पदाधिकारियों की बैठक भी लेंगे।

**मदीना दुर्घटना**

सऊदी अरब में मक्का से मदीना जा रही एक यात्री बस के डीजल टैंकर से टकरा जाने से कई भारतीय जायरीनों के मारे जाने की आशंका है। सूत्रों के अनुसार यह दुर्घटना भारतीय समयानुसार रात लगभग डेढ बजे मुफ़रीहाट नामक स्थान पर हुई। प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि पीड़ितों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। यह समूह मक्का से अपनी रस्में पूरी करके लौट रहा था और दुर्घटना के समय मदीना जा रहा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सऊदी अरब के मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुई दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। जेद्दा स्थित भारतीय दूतावास ने आज मदीना के पास हुई दुखद बस दुर्घटना के मद्देनजर एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इसके हेल्पलाइन नंबर 8002440003, 0122614093, 0126614276, 0556122301 हैं।

**<u>मौसम</u>**

उत्तर भारत में बर्फबारी की वजह से प्रदेश में कड़ाके की ठंड देखने को मिल रही है। प्रदेश के 10 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। वहीं राजगढ़ जिला सबसे ठंडा रहा। झाबुआ जिले में सुबह न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में अगले दो दिन शीतलहर का अलर्ट है। इसे देखते हुए कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। आज भी कई जिलों में शीतलहर चलेगी। इनमें भोपाल, इंदौर, जबलपुर, राजगढ़, कटनी, सीहोर, सतना, शाजापुर, शिवपुरी, धार, देवास, दमोह, रीवा, मैहर, छतरपुर और पन्ना शामिल है।

**समाचार संक्षेप में –**

- मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव आज भोपाल के रविन्द्र भवन में 29वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव का उद्घाटन करेंगे।
- राजधानी भोपाल में तीन दिवसीय आलमी तब्लीगी इज्तिमा 2025 का आज दुआ–ए–खास के साथ ही समापन हो गया।

––––––––––––––